**Regarding reported smuggling of drugs and illegal weapon in the Indo-Pakistan border under the Ganganagar Parliamentary Constituency**

श्री कुलदीप इंदौरा **(**गंगानगर**) :** सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक गंभीर और चिंताजनक मुद्दे पर दिलाना चाहता हूँ । मेरा लोक सभा क्षेत्र श्रीगंगानगर पाकिस्तान सीमा से लगा हुआ है । मेरे इस क्षेत्र में ड्रोन के माध्यम से मादक पदार्थ और अवैध हथियारों की बड़ी मात्रा में तस्करी हो रही है, जो कि एक गंभीर चिंता का विषय है । इससे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए तो खतरा है ही, उसके अलावा युवाओं का भविष्य भी नशे के कारण खतरे में आ रहा है ।

इसलिए मैं चाहता हूँ कि इसके लिए एक उच्च स्तरीय समिति बने और इस पर कठोर कदम उठाए जाएं । इसके अलावा हमारे सीमावर्ती क्षेत्रों में तारबंदी के पास, जो किसान रहते हैं, उन्हें भारी समस्या का सामना करना पड़ता है । हमारे यहां पर बॉर्डर स्कीम के तहत जो पैसा आता था, वह भी बंद हो गया है, जिसके कारण हमारे उस क्षेत्र में विकास के काम रुक गए हैं ।

सभापति महोदया, मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि वह इन सब बातों पर ध्यान दे, ताकि मेरे क्षेत्र का विकास हो सके ।